ACE|NO|Gen|24-25|129 17|3|2025

# अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली (2025-26)

## राजस्थान के जोधपुर, फलोदी, नागौर, अजमेर, बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, जालोर और सिरोही जिलो के अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों के लिए आवेदन

1. अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन 8वीं पास और अग्निवीर ट्रेडसमैन 10 वीं पास उम्मीदवारों के लिए अग्निपथ योजना के माध्यम से भारतीय सेना में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण **12 मार्च 2025 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2025** तक चलेगा।

2. भर्ती प्रक्रिया **दो भागों** में किया जाएगा। प्रथम चरण में सभी पंजीकृत आवेदकों के लिए कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा **(CEE)** आयोजित की जाएगी। दूसरे चरण में, कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा **(CEE)** उत्तीर्ण शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए शारीरिक फिटनेस टेस्ट **(PFT)** आयोजित किया जाएगा। कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा और शारीरिक फिटनेस टेस्ट दोनों के लिए तिथि और स्थान संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड में दर्शाए जाएँगे।

3. जिन उम्मीदवारों का जन्म **01 अक्टूबर 2004 से 01 अप्रैल 2008** (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच हुआ है, वे उम्मीदवार उक्त नामांकन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं।

## ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा

1. पात्र अभ्यार्थी अग्निपथ योजना की विभिन्न श्रेणियों के लिए **12 मार्च से 10 अप्रैल 2025** तक वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** के माध्यम से अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।
2. आवेदकों को कम से कम 5 परीक्षा केंद्र निर्धारित करने होंगे, जिनमें से एक केंद्र उम्मीदवार को आवंटित किया जाएगा।
3. अभ्यार्थी द्वारा आवेदन करने के बाद परीक्षा केंद्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
4. अभ्यार्थी को परीक्षा में बैठने के लिए निर्धारित समय सीमा (अर्थात सही समय और तारीख) के भीतर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा अन्यथा अभ्यार्थीयों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की धोखाधडी पाए जाने पर अभ्यार्थीयों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. अधिक जानकारी के लिए अभ्यार्थी वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर लॉगइन कर सकते हैं।

## शारीरिक फिटनेस परीक्षा (PFT)

1. 1.6 किमी दौड़ (ग्रुप-I : 5.30 मिनट तक, ग्रुप-II : 5.31 मिनट से 5.45 मिनट तक, ग्रुप-III : 5.46 मिनट से 6 मिनट तक और ग्रुप-IV : 6.01 मिनट से 6.15 मिनट तक)।
2. **बीम (Chin Touch) : 6 से 10**
3. 9 फीट खड्डा (योग्यता की आवश्यकता)
4. टेढ़ा-मेढ़ा बैलेंस (योग्यता की आवश्यकता)

**ध्यान दें** : अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर तकनीकी के उम्मीदवारों को केवल सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

Forward to NB/WB/App


## पुरुष श्रेणियों के लिए पात्रता मापदंड


| वर्ग | शैक्षणिक योग्यता | शारीरिक मापदंड | | | आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लम्बाई | वजन | छाती | |
| अग्निवीर (सामान्य पद) | 45% अंकों के साथ 10 वीं कक्षा/ मेट्रिक उत्तीर्ण और प्रत्येक विषय में 33% अनिवार्य। ग्रेडिंग प्रणाली का पालन करने वाले बोर्ड के लिए, प्रत्येक विषय में न्यूनतम 'D' ग्रेड (33% - 40%) या हर विषय में 33% अंक तथा समग्र रूप से 'C2' ग्रेड या समकक्ष मे कुल 45% अंक।<br>**नोट**: वैध लाइट मोटर वाहन (LMV) ड्रायविंग लाइसेंस वाले उम्मीदवारों को ड्राइवर आवश्यकताओं के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। | 170 | 50 | 77-82 | 17 ½-21 |
| अग्निवीर (तकनीकी) | 10+2/ इंटरमीडिएट की परीक्षा भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और अँग्रेजी के साथ उत्तीर्ण, कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक और प्रत्येक विषय में 40% अंक।<br>या<br>किसी भी मान्यता प्राप्त राज्य शिक्षा बोर्ड या केंद्रिय शिक्षा बोर्ड से भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और अँग्रेजी के साथ 10+2/ इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण, जिसमें NIOS और ITI पाठ्यक्रम (केवल सरकारी संस्थान से) शामिल हैं, NSQF स्तर 4 या उससे ऊपर के साथ आवश्यक क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का।<br>या<br>50% अंकों के साथ 10 वीं कक्षा/ मेट्रिक उत्तीर्ण तथा अँग्रेजी, गणित और विज्ञान में न्यूनतम 40% अंकों के साथ ITI से 02 वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या मान्यता प्राप्त शैक्षणिक पॉलिटेक्निक संस्थान से दो/तीन वर्ष का डिप्लोमा | 170 | 50 | 77-82 | 17 ½-21 |
| अग्निवीर (क्लर्क/ स्टोर कीपर तकनीकी) | 60% अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम (कला, वाणिज्य, विज्ञान) से कक्षा 10+2/ इंटरमीडिएट परीक्षा उतीर्ण तथा प्रत्येक विषय में न्यूनतम 50% अंक। **कक्षा 10+2 के अँग्रेजी और गणित/अकाऊंट/बूक कीपिंग विषय में 50% अंक जरूरी।** | 162 | 47.2 | 77-82 | 17 ½-21 |
| अग्निवीर (ट्रेडसमैन 8वीं व ट्रेडसमैन 10 वीं पास) | (क) कक्षा 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण।<br>(ख) कुल प्रतिशत की कोई शर्त नहीं है, लकिन प्रत्येक विषय में 33% अनिवार्य। | 170 | 50 | 76-81 | 17 ½-21 |

**ध्यान दें** :- सेना चिकित्सामानकों के अनुसार ऊँचाई और आयु के अनुपात में।

## महत्वपूर्ण सूचना

1. अग्निवीर उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. भारतीय सेना में चयन "निष्पक्ष और पारदर्शी" है तथा उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित है।
3. नामांकन के संबन्ध में सभी जानकारी रैली अधिसूचना में स्पष्ट रूप से दी गई है, जिसे **www.joinindianarmy.nic.in** पर दर्शाया गया है। आवेदक भारतीय सेना की वेबसाइट के माध्यम से रैली अधिसूचना डाउनलोड करते समय भर्ती रैली का पूरा विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
4. पंजीकरण के दौरान किसी भी समस्या के मामले में, अवेदक सेना भर्ती कार्यालय जोधपुर से अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं। **संपर्क नंबर 0291-2514156**





**भारतीय सेना : मेरी आन, बान और शान**